*This question paper contains 8 printed pages.*

**6861** Your Roll No. ..............................

**LL.B. / III Term** **G**

Paper LB-301

CONSTITUTIONAL LAW – I

*Time* : 3 hours *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

NOTE:— *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

टिप्पणी:— *इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt any five questions.*
*All questions carry equal marks.*

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. (a) Under our Constitution, the States have no inherent sovereign or autonomous power which cannot be encroached upon by the Centre. Discuss in light of relevant constitutional provisions and case law.

हमारे संविधान के अंदर राज्यों के पास ऐसी कोई निहित सम्प्रभु या स्वायत्त शक्ति नहीं है जिसमें केन्द्र हस्तक्षेप न कर सके। प्रासंगिक संवैधानिक प्रावधानों व केस-विधि के प्रकाश में विवेचन कीजिए।

(b) Is there a strict separation of powers under the Constitution? Discuss in light of the ordinance-making power of the President under Article 123 and the extent of judicial review of such ordinance-making power.

क्या संविधान में कठोर शक्ति पृथक्करण है? अनुभाग 123 में राष्ट्रपति की अध्यादेश बनाने की शक्ति तथा इसकी न्यायिक समीक्षा की सीमा के प्रकाश में विवेचन कीजिए।

2. Interpret the term "Consultation" occurring in Articles 124 and 217 of the Constitution dealing with appointment of judges to the Supreme Court and High Courts. What is the nature of this consultation, and what is the scope of judicial review in the appointment and transfer of judges?

Discuss in the light of relevant case law.

सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित संविधान के अनुभाग 124 और 217 में आ रहे पद "परामर्श" की व्याख्या कीजिए। इस परामर्श की क्या प्रकृति है? न्यायाधीशों की नियुक्ति तथा स्थानान्तरण में न्यायिक समीक्षा का क्या विस्तार है? प्रासंगिक केस-विधि के प्रकाश में विवेचन कीजिए।

3. Discuss the legal validity of the following citing reasons and judicial precedents:

(a) Mr. AB, an MLA, was appointed as a Minister in state X on the advice of the Chief Minister. Mr. AB is subsequently (while a Minister) convicted of an offence of murder and his appeal is pending in the High Court. Can Mr. AB validly continue as a Minister in the Council of Ministers?

(b) The Council of Ministers of state Y refuses to advise the Governor to sanction prosecution of a Minister despite a *prima facie* case for prosecution being made out against him. Can the Governor sanction such prosecution contrary to the advice of the Council of Ministers?

न्यायिक मिसाल तथा कारण देते हुए निम्नलिखित की कानूनी वैधता का विवेचन कीजिए:

(a) X राज्य के मुख्यमंत्री के परामर्श पर AB, एक MLA, को मंत्री नियुक्त किया गया। तत्पश्चात, मंत्री रहते हुए, श्री AB को हत्या के अपराध के लिये दोषी पाया गया और उच्च न्यायालय में उसकी अपील अभी अपूर्ण पड़ी है। क्या श्री AB मंत्री परिषद् में मंत्री के पद पर वैधता से बना रह सकता है?

(b) Y राज्य की मंत्री परिषद् अपने एक मंत्री के खिलाफ अभियोजन लाने के लिये वहाँ के राज्यपाल को परामर्श देने को तैयार नहीं है जबकि प्रथम दृष्टया उसके खिलाफ

अभियोजन बनता है। क्या मंत्री परिषद् के परामर्श के विरुद्ध राज्यपाल ऐसे अभियोजन की मंजूरी दे सकता है ?

4. State M enacts a law relating to prohibition or, as the case may be, regulation of purchase, use, transport and sale of liquor in pursuance of Entry 8 of List II of the Seventh Schedule. B, a dealer in alcoholic liquor, challenges the constitutional validity of the law on the ground that only Parliament had legislative competence due to Entry 42 of List I. Will he succeed? Decide, giving reasons and explaining the principles of constitutional interpretation you rely on.

   Entry 8 of List II : "Intoxicating liquors that is to say, the production, manufacture, possession, transport, purchase and sale of intoxicating liquors.

   Entry 42 of List I : Inter-state trade and commerce.

   सातवीं अनुसूची की लिस्ट II की एन्ट्री 8 को आगे बढ़ाने हेतु, M राज्य शराब के निषेध, या जैसा भी मौका हो, क्रय के विनियमन, उपयोग, यातायात, और विक्रय पर एक कानून पारित करता है। B, शराब का एक विक्रेता, इस कानून की संवैधानिक वैधता को यह कह कर चुनौती देता है कि केवल संसद को ही विधायी क्षमता है लिस्ट I की एन्ट्री 42 के कारण। क्या वह सफल होगा? कारण देते हुए और उन संवैधानिक व्याख्या के सिद्धांतों को समझाते हुए, जिनकी आपने सहायता ली है, निर्णय कीजिए।

लिस्ट II एन्ट्री 8 : नशा करने वाली शराब यानि कि नशा करने वाली शराब का विनिर्माण, उत्पादन, यातायात, अधिकार, क्रय और विक्रय।

लिस्ट I एन्ट्री 42 : अंतर-राज्यीय व्यापार व वाणिज्य।

5. (a) What are the different situations when repugnancy can arise under Article 254 of the Constitution?

संविधान के अनुच्छेद 254 में वे कौनसी विभिन्न परिस्थितियाँ हैं जब प्रतिकूलता जाग्रत हो सकती है?

(b) Parliament enacted the Prevention of Food Adulteration Act in 1954 providing for a maximum imprisonment of three years for any person found adulterating food items. The legislature of state M amended the law and increased the imprisnment to 7 years. This amendment received the assent of the President. Subsequently, Parliament amended the Act and imposed a maximum imprisonment of 5 years. Examine the validity of the state amendment after the subsequent amendment by Parliament.

1954 में संसद ने खाद्य मिश्रण निवारण अधिनियम पारित किया जिसमें खाद्य सामग्री में अपमिश्रण करते पाये गये किसी भी व्यक्ति को अधिकतम तीन साल की कैद की सजा का प्रावधान था। M राज्य की विधान सभा ने इसमें संशोधन कर कैद की अधिकतम सीमा 7 साल कर दी।

इस संशोधन को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गयी। तत्पश्चात संसद ने इस अधिनियम में संशोधन कर अधिकतम कैद 5 साल की कर दी। संसद के इस संशोधन के बाद राज्य के संशोधन की वैधता का परीक्षण कीजिए।

6. Discuss the constitutional/legislative procedure that has to be followed in the following situations:

   (a) A certain area of West Bengal has to be transferred to Bangladesh following a treaty signed between India and Bangladesh.

   (b) A portion of state N has to be carved out and formed into a new state.

   निम्नलिखित स्थितियों में संवैधानिक/विधायी प्रक्रिया का विवेचन कीजिए:

   (a) भारत और बंग्लादेश के बीच हुयी संधि के पश्चात पश्चिम बंगाल की कुछ भूमि बंग्लादेश को स्थानान्तरित होनी है।

   (b) N राज्य का कुछ हिस्सा काट कर एक नया राज्य बनाना है।

7. The constitutional provisions relating to freedom of trade, commerce and intercourse throughout the territory of India seek to establish a common and barrier free market place in India. Critically examine

in light of judicial interpretation of Articles 301 and 304 of the Constitution of India.

सम्पूर्ण भारत में व्यापार, वाणिज्य और समागम करने की स्वतंत्रता से संबंधित संवैधानिक प्रावधान भारत में एक सामान्य तथा व्यवधान-मुक्त बाजार स्थापित करना चाहते हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 301 और 304 की न्यायिक व्याख्या के प्रकाश में आलोचनात्मक परीक्षा कीजिए।

8. With the help of decided case, discuss the validity of the following:

   (a) The President involves his power under Article 356 of the Constitution in a State where there has been large-scale defection of legislators. The President acts upon the recommendation of the Governor who did not call for a floor test to determine the support available to the Chief Minister of the State.

   (b) The Presidential proclamation under Article 356 also dissolves the legislative assembly.

   निर्णीत वाद की सहायता से निम्नलिखित की वैधता की विवेचना कीजिए:

   (a) एक राज्य में विधायकों के बड़े स्तर पर दल-बदल करने पर राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 356 में उल्लिखित अपनी शक्तियों का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने राज्यपाल के परामर्श पर यह कार्य किया। राज्यपाल ने सदन में

शक्ति परीक्षण नहीं करवाया था यह जानने के लिये कि मुख्यमंत्री को कितना समर्थन प्राप्त है।

(b) राज्य की विधान सभा को भंग करने वाली, अनुच्छेद 356 के अधीन, राष्ट्रपति की घोषणा।